स्थापना : 1958

# PROSPECTUS 2023

UGC Approved
**COLLEGE WITH POTENTIAL FOR EXCELLENCE**
Among 136 Colleges of the Country

UGC Approved
**COMMUNITY COLLEGE**
The only college in the State of Chhattisgarh

UGC Nomination
**CENTRE FOR WOMAN STUDIES**
The only college in the State of Chhattisgarh




सुगम्य भारत अभियान में चिन्हित महाविद्यालय

# GOVT. D.B. GIRLS' P.G. COLLEGE, RAIPUR

## (AN AUTONOMOUS INSTITUTION)

Kalibadi Chowk, Raipur (C.G.) | Ph. 0771-2229248
Email : dbgirls@yahoo.com | Website : www.dbgirls.org









**मुद्रण**

**ग्राफिक्स**

स्टूडियो नाइन साल्युसंस

रायपुर

**प्रकाशक**

प्राचार्य

शासकीय दु.ब. महिला स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय

कालीबाड़ी चौक, रायपुर छ.ग. ($B^{++}$) फोन +91 771 2229248

# प्राचार्य की कलम से...

प्रिय छात्राओं,

रायपुर नगर के प्रसिद्ध विवेकानंद सरोवर तट के समीप स्थित शासकीय दूधाधारी बजरंग स्नातकोत्तर द्धस्वशासीऋ महिला महाविद्यालय रायपुर द्धछत्तीसगढ़ऋ में आपका हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत है। महिला शिक्षा को समर्पित यह महाविद्यालय विगत 64 वर्षों से इस क्षेत्र की महिला प्रतिभाओं को तलाशने एवं तराशने की भूमिका में संलग्न है। महाविद्यालय की शिद्दत भरे प्रयासों का ही परिणाम है कि इस महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह (2008) में देश की प्रथम महिला राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल ने मुख्य अतिथि स्वीकार कर हमें तथा प्रदेश को गौरवान्वित किया। लगभग चार पीढ़ी से लड़कियाँ यहाँ से अध्ययन करके आत्मविकास के सोपान को तय करते हुए राज्य व राष्ट्र की सेवा हेतु तत्पर हैं। यहाँ की छात्राएं सेना, गृह विभाग ,शिक्षा, स्वरोजगार , प्रशासनिक सेवा ,वैज्ञानिक, सांसद, अन्य राजनेतिक पदों पर ,न्यायिक पदों व कीड़ा जगत में कार्य कर रहीं हैं। महाविद्यालय के लिए अत्यंत गौरव की बात है कि मैं स्वयं एवं 27 प्राध्यापिकाएँ इसी महाविद्यालय की छात्राएँ रही हैं।

इस महाविद्यालय में कला, विज्ञान, वाणिज्य, गृहविज्ञान व कीड़ा तथा भौतिक शिक्षा के कुल 5 संकाय में अध्यापन किया जाता है।यहाँ कुल 27 विभाग हैं। 10 विभाग शोध केंद्र के रूप में मान्यता प्राप्त हैं। यहाँ मध्यभारत का सबसे बड़ा महाविद्यालयीन इनडोर स्टेडियम में छात्राओं को विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त होता है। इस महाविद्यालय की कीड़ा प्रतिभाओं ने सत्र 2022–23 में अपने कौशल एवं कीर्तिमान से राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश एवं विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है। जिसमें पूर्वी क्षेत्रिक अंतरविश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता द्धशतरंज, कबड्डी, फुटबाल, योगा, एथलिक्स, हॉकी, हैण्डबॉल, नेटबॉल, खो–खो, पावरलिफ्टिंग, नौकायान ऋ में कुल 26 खिलाड़ियों ने प्रतिनिधित्व किया, अखिल भारतीय अंतरविश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता (बैडमिंटन, बास्केटबॉल, वॉलीवाल) में 08 खिलाड़ियों ने प्रतिनिधित्व किया एवं सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता द्धथ्रोबॉल, कराते, लगोरी, फुटबॉलऋ में कुल 32 खिलाड़ियों ने प्रतिनिधित्व किया है। मेरी नजर में शायद ही कुछ ऐसा खेल छूटा हो जहाँ हमारी प्रतिभाओं ने अपनी दस्तक न दी हो, वैसे भी उच्च शिक्षा के माध्यम से छात्राओं का समग्र विकास ही हमारा विजन और मिशन है।

हमारे महाविद्यालय में चार छात्रावास हैं जिसमें लगभग 600 छात्राओं को घर जैसी सुविधा है, साथ ही दूरस्थ अंचल की अड़चनों को भूलने व स्वविकास में अग्रसर होने में हमारे प्राध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

नई शिक्षा नीति को सत्र 2022 से ही महाविद्यालय में लागू कर दिया गया है। स्नातक प्रथम वर्ष में सेमेस्टर प्रणाली लागू किया गया है, स्नात्कोत्तर स्तर पर सेमेस्टर प्रणाली संचालित हैं। नई चुनौतियों को हम सबने मिलकर सुअवसर में बदल दिया और मूल्य आधारित व्यवहारिक व व्यावसायिक शिक्षा को अपने पाठ्यकम में जोड़ते हुए हमने नई संभावनाओं के मार्ग खोले हैं।हम सभी प्राध्यापक व प्रशासन मिलजुलकर इस महाविद्यालय के लिए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रयासरत् हैं।

1958 में केवल 62 छात्राओं से प्रारंभ हुए इस महाविद्यालय में वर्तमान में 4868 छात्राएँ अध्ययनरत् हैं। हमारे प्रयासों से को पहचान देते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली ने अपने महत्वकांक्षी 'कम्युनिटी कॉलेज स्कीम' के तहत संपूर्ण छत्तीसगढ़ में केवल इस महाविद्यालय को डिप्लोमा इन हॉस्पिटैलिटी के अंतर्गत स्वीकृत किया गया । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली ने इस महाविद्यालय को सी.पी. ई. (College with potential for excellence) का दर्जा देकर हमें देश के चुनिंदा 136 महाविद्यालयों में शामिल किया है। इसी तरह RUSA से महाविद्यालय को 2 करोड़ का अनुदान प्राप्त हुआ है। छात्राओं के प्रवेश, परीक्षा, परिणाम आदि ऑनलाईन विशेष सॉफटवेयर से संचालित हैं। आधुनिक कम्प्यूटर लैब के अलावा टिशु कल्चर लैब, ग्रीन हाउस आदि आधुनिकतम उपकरणों वाली प्रयोगशालाएँ अध्ययन– अध्यापन हेतु हैं।

छात्राओं के प्रोत्साहन हेतु महाविद्यालय में परमपूज्य महंत राजेश्री वैष्णवदास जी, स्वामी विवेकानंद और राजगीत के रचयिता महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के पूर्व प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष आचार्य नरेंद्रदेव वर्मा की प्रतिमा स्थापित की गई है। नमन ज्योति स्मारक राष्ट्रसेवा को समर्पित सभी सेनानियों को समर्पित किया गया है ताकि आप सभी देशप्रेम की भावना को धारण करें।

हमारा महाविद्यालय परंपरा और नवाचार के संतुलन के लिए जाना जाता है। यहाँ 6 स्मार्ट रूम, 1 कांफ्रेंस कक्ष, 1 सेमीनार हॉल व 1 ऑडिटोरियम है। छात्राओं के लिए गर्ल्स कॉमन रूम भी है। 75000 पुस्तकों व डिजिटल सुविधाओं से सुसज्जित ग्रंथालय में छात्राओं को पढ़ते देखना आल्हादकारी होता है।

महिला शिक्षा में किये गए हमारे प्रयासों का सम्मान करते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली ने हमारे महाविद्यालय को महिला अध्ययन केंद्र के लिए चुना है एवं सुगम्य भारत अभियान के अंतर्गत भी चिन्हित है। ऐसी उपलब्धियों का श्रेय केवल हमारे महाविद्यालय को ही जाता है। वर्ष 2021 की सबसे बड़ी उपलब्धि है महाविद्यालय को नैक द्वारा B++ ग्रेड प्राप्त होना । जिससे छात्राओं के लिए नई सुविधाओं के मार्ग प्रशस्त होंगे।

अंत में छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामना के साथ इस महाविद्यालय की स्वर्णिम श्रृंखला में आपको एक कड़ी के रूप में जोड़ते हुए मैं अपनी हार्दिक प्रसन्नता अभिव्यक्त करती हूँ। आपको यह जानकर हर्ष होगा कि हमारे महाविद्यालय में स्वर्ण जयंती अवसर पर भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटिल का पदार्पण हो चुका है। ऐसी उपलब्धियों को प्राप्त करने वाला महाविद्यालय सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में इकलौता है।

**डॉ. किरण गजपाल**
प्राचार्य / संरक्षक
शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर
(स्वशासी) महाविद्यालय, रायपुर– छत्तीसगढ़

# हीरक यात्रा

शासकीय दू.ब. महिला स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय रायपुर की यात्रा 12 अगस्त सन् 1958 को प्रारम्भ हुई है। श्री दूधाधारी मठ के पूर्व महंत श्री वैष्णव दास जी द्वारा अपने पूज्य गुरु महंत श्री बजरंग दास जी की स्मृति में दान दी गई 4.47 एकड़ भूमि में इस महाविद्यालय की स्थापना की गई है। श्री दूधाधारी मठ के संस्थापक पूज्य गुरु महंत श्री बजरंग दास जी की स्मृति में ही इस महाविद्यालय का नाम दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय रखा गया है।

स्थापना वर्ष 1958 में मात्र 16 छात्राओं से प्रारम्भ इस महाविद्यालय में आज लगभग 4868 छात्राएं अध्ययनरत है। 69 प्राध्यापक तथा 59 कर्मचारी अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहें हैं, 34 विषयों में इस महाविद्यालय में अध्यापन कार्य हो रहा है। यहाँ स्ववित्तीय पाठ्यक्रम के अंतर्गत कम्प्यूटर, विज्ञान, पी.जी. डिप्लोमा इन डायटेटिक्स, पी.जी. डिप्लोमा इन योगा एण्ड फिलॉसॉफी, पी.जी.डी.सी.ए. बी.पी.एड पाठ्यक्रम मास्टर ऑफ सोशल वर्क, डिप्लोमा इन रिसर्च मेथडॉलॉजी एवं स्टेस्टिकल एनालिसिस, सर्टिफिकेट कोर्स इन बेकरी एंड कन्फेक्शनरी, बी. कॉम. कम्प्यूटर एप्लीकेशन, पी.जी. डिप्लोमा इन फैशन डिजाइनिंग तथा एड ऑन कोर्स के अंतर्गत कम्प्यूटर साइंस, बायोइनफार्मेटिक्स तथा मेडिसनल केमिस्ट्री विषयों में भी अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है।

शोध केन्द्र के रुप में भी यह महाविद्यालय अग्रणी है। पी.एच.डी. डिग्री हेतु हिन्दी, जीवविज्ञान, गृह, विज्ञान, वाणिज्य व रसायनशास्त्र, समाजशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, वनस्पतिशास्त्र, इतिहास, वाणिज्य व रसायनशास्त्र में छात्रायें यहाँ शोद्य कार्य कर रही है। महाविद्यालय के विशाल ग्रंथालय में 75000 ग्रंथ छात्राओं के लिए सुलभ है। महाविद्यालय के विज्ञान विषयों की 2500 शोध पत्रिकाएँ इस ग्रंथालय में संग्रहित भी हैं। इस महाविद्यालय में वर्तमान में छात्राओं के लिए 4 छात्रावास हैं, जिनमें 650 छात्राओं के आवास की सुविधा है। स्नातकोत्तर स्तर की छात्राओं के लिए विभागीय पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध है।

महाविद्यालय को गर्व है कि यू.जी.सी. ने इस महाविद्यालय का चयन सी.पी.ई. के अंतर्गत किया है तथा इसके अकादमिक उन्नयन के लिए 1.50 करोड़ की राशि स्वीकृत की है महिला अध्ययन केन्द्र हेतु प्रथम फेस में 1.5 करोड़ एवं रुसा से 2.00 करोड़ की राशि एवं नव निर्मित भवन स्वीकृत किया गया है।



# VISION

आरोह तमसो ज्योति :- From darkness to light. The vision is to be a pre-eminent center of excellence, generating and imparting knowledge. To Empower girls through quality education and equal opportunities.

# MISSION

- Create a teaching-learning environment and research attitude conducive to the pursuit of higher knowledge, skill and experience.
- Synchronize tradition with modernity and blend vocational education and skill orientation with traditional courses for future development.
- Foster self and community development by sensitizing the student on socio-economic issues emphasizing on gender, religious harmony, environment and human rights by including related topics into curriculum and through co-curricular activities.

# OBJECTIVES

- Learning is a perpetual process and students should achieve their full potential in tenure. Through the theory and training, the students should achieve sucess in all aspects of life.
- Providing a range of education inclusive of lectures, training and sense of responsibility towards society.
- Emphasis on the conviction towards the equality and development of national integrity. Utilization and management of the available resources efficiently to achieve the objective.
- To make education a powerful medium and tool to promote the socio-economic development of underprivileged communities.

# अनुक्रमणिका


| | |
|---|---|
| 7 | मिशन–विजन–उद्धेश्य |
| 12 | विवरण पुस्तिका |
| 13 | उपलब्ध अध्ययन व्यवस्था |
| 14–15 | महाविद्यालय में निर्धारित स्थान |
| 16–18 | संकायवार उपलब्ध विषय |
| 19–21 | स्ववित्तीय रोजगारोन्मुखी एवं एड ऑन पाठ्यक्रम |
| 22–25 | शुल्क संबंधी विवरण |
| 26 | छात्रवृत्तियाँ – शिष्यवृत्तियाँ |
| 27–28 | ऑनलाइन भरे जाने वाले फॉर्म एवं दिशानिर्देश |
| 29–31 | पदक पुरस्कार |
| 32–35 | महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं |
| 36 | रैगिंग निषेध |
| 37–38 | विद्यार्थियों के लिए आचरण संहिता |
| 39 | अकादमिक कैलेण्डर |
| 40–46 | फैकल्टी |
| 47 | जनभागीदारी समिति |
| 48–51 | ऑफिस मेम्बर्स |
| 52 | हेल्पलाइन/एंटीरैगिंग कमेटी/प्रॉस्पेक्टस कमेटी |

# Induction Programme by IQAC for all Faculties

## सत्र 2022-23



नोट :- महाविद्यालय की प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए अगस्त माह में इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें छात्राओं की भागीदारी अनिवार्य है।

# वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा

## Annual / Semester Exam

**Session 2022-23**

**B.A. | B.Com. | B.Sc. | B.Sc. (Home Sc.) | B.P.Ed. | P.G. Diploma & Diploma Courses**

| | | |
|---|---|---|
| त्रैमासिक परीक्षा (Terminal Exam) | : | 6, 7, 8 Oct. 2022 |
| अर्द्धवार्षिक परीक्षा (Half Yearly Exam) | : | 6, 7, 8 Oct. 2022 |
| वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा (Annual Practical Examination) | : | 6, 7, 8 Oct. 2022 |
| वार्षिक परीक्षा (Annual Practical Examination) | : | 6, 7, 8 Oct. 2022 |

## सेमेस्टर परीक्षा (स्नातकोत्तर) (Semester Examination (P.G.))

**M.A. | M.Com. | M.Sc. | M.Sc.(Home Sc.) | PGDCA**

## प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (First & Third Semester)
## ATKT द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर ATKT Second & fourth Semester

| आंतरिक मूल्याकंन | International Assessment | |
|---|---|---|
| प्रथम यूनिट परीक्षा | First Unit Test | July Fourth Week |
| द्वितीय यूनिट परीक्षा | Second Unit Test | August Fourth Week |
| तृतीय यूनिट परीक्षा | Third Unit Test | September Fourth Week |
| चतुर्थ यूनिट परीक्षा | Fourth Unit Test | October Fourth Week |
| प्रायोगिक परीक्षा | Practical Exam | November Second to Third Week |
| प्रीपरेशन परीक्षा | Preparation Leave | November Third to Fourth Week |
| सैद्धांतिक परीक्षा | Theory Exam | November Fourth to December Fourth Week |

## द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर (Second & Fourth Semester)
## ATKT प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर ATKT First & Third Semester

| आंतरिक मूल्याकंन | International Assessment | |
|---|---|---|
| प्रथम यूनिट परीक्षा | First Unit Test | January Fourth Week |
| द्वितीय यूनिट परीक्षा | Second Unit Test | February Second Week |
| तृतीय यूनिट परीक्षा | Third Unit Test | March First Week |
| चतुर्थ यूनिट परीक्षा | Fourth Unit Test | March Fourth Week |
| प्रायोगिक परीक्षा | Practical Exam | April Second to Third Week |
| प्रीपरेशन परीक्षा | Preparation Leave | April Third to Fourth Week |
| सैद्धांतिक परीक्षा | Theory Exam | April Fourth to May Fourth Week |

# प्रवेश के समय आवेदन पत्र में संलग्न प्रपत्रों की सूची (चेक लिस्ट)

1. ऑनलाईन आवेदन की हार्ड कॉपी 02 प्रति (महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय कॉपी)।
2. नवीनतम पासपोर्ट साईज़ 01 फोटो।
3. महाविद्यालय छोड़ने को स्थानांतरण एवं चरित्र प्रमाण–पत्र (**TC/C.C**)
4. 10वीं, 12वीं, स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की समस्त उत्तीर्ण अंकसूची।
5. निवास प्रमाण–पत्र।
6. दो चरित्र प्रमाण–पत्र (यदि पिछली परीक्षा स्वाध्यायी छात्रा के रूप में उत्तीर्ण की है)
7. नियोक्ता की स्वीकृति (यदि कोई छात्रा सेवारत हों)
8. अनुसूचित जाति/जनजाति/विकलांग/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्प संख्यक/बी.पी.एल. (गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले) का प्रमाण पत्र।
9. राज्य के बाहर एवं सभी प्रायवेट विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण छात्राओं के लिए पात्रता प्रमाण पत्र एवं प्रवजन प्रमाण–पत्र (माईग्रेशन सर्टीफिकेट)।
10. अंतराल प्रमाण–पत्र (एफीडेविट)।
11. आधार कार्ड की छायाप्रति।
12. समस्त दस्तावेजों का वेरिफिकेशन कर प्रवेशशुल्क का भुगतान ऑनलाईन किया जाना है।
13. प्रवजन प्रमाण पत्र (यदि अन्य बोर्ड/विश्वविद्यालय से परीक्षा उतीर्ण की हो)

– आदेशानुसार





# विवरण–पुस्तिका

**सत्र 2022–23**

मध्यप्रदेश शासन द्वारा अगस्त 1958 में स्थापित एवं संचालित इस महिला महाविद्यालय का नाम रायपुर के दूधाधारी मठ के दानवीर स्व. राजेश्री महंत वैष्णवदास जी द्वारा प्रदत्त दान के फलस्वरूप उनके पूज्य गुरू महंत बजरंग दास जी के नाम पर सत्र 84-85 से शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर दिया गया है। सत्र 88-89 से इस महाविद्यालय को शासन द्वारा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत स्वशासी महाविद्यालय का दर्जाभी प्राप्त है । यह पुस्तिका महाविद्यालय की समस्त गतिविधियों का प्रतिबिम्बन स्पष्ट शब्दों में करती है, अतः समाहित बिन्दुओं से किसी छात्रा द्वारा अनभिज्ञता दर्शाना क्षम्य नहीं होगा |

# प्रवेश नियम

शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय रायपुर उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित संस्था है और शासन के निर्देशालुसार शासकीट दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय हेतु स्थानीय प्रबंधन समिति (पंजीयन क्रमांक 4054) पंजीकृत है। महाविद्यायलय में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र परीक्षाफल घोषित होने के 10 दिनों के भीतर प्रस्तुत किया जा सकता है। प्रत्येक संकाय / कक्षा में प्रवेश हेतु अलग-अलग प्रवेश आवेदन पत्र जमा किया जाना अनिवार्य होगा। एक संकाय / कक्षा में प्रवेश हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र दूसरे संकाय / कक्षा में प्रवेश हेतु मान्य नहीं होगा । इन सभी आवेदन पत्रों में आवश्यक प्रमाण-पत्रों की स्वयं सत्यापित सत्य-प्रतिलिपि आवश्यक रुप से संलग्न करना होगा।



महाविद्यालय में निम्नलिखित विषयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर अध्ययन–अध्यापन की सुविधा उपलब्ध है।
महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर नई शिक्षा नीति के तहत सत्र 2022–23 से सेमेस्टर प्रणाली पर आधारित अध्ययन हो रहा है।

## स्नातक

- कला (बी.ए.) :– हिन्दी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, भूगोल, संगीत, नृत्य, गणित, गृहविज्ञान, फैशन डिजाईनिंग, इतिहास, मनोविज्ञान, संस्कृत एवं आधार पाठ्यक्रम।
- विज्ञान (बी.एस.सी.) :– रसायनशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र, भौतिकशास्त्र, गणित, फूड साइंस एण्ड क्वालिटी, कन्ट्रोल, बायोटेक्नोलॉजी, कम्प्यूटर साइंस, भूगोल (विश्वविद्यालय की अधिसूचना के अनुसार भूगोल विषय को विज्ञान संकाय में सम्मिलित कर लिया गया है) एवं आधार पाठ्यक्रम।
- गृह विज्ञान (बी.एस.सी.) :– 1. पण्डित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा घोषित पाठ्यक्रमानुसार गृह विज्ञान के सभी अनिवार्य विषय एवं फैशन डिजाईनिंग।
  2. डिप्लोमा इन हास्पिटेलिटी मैनेजमेंट
- वाणिज्य (बी.कॉम.) :– पण्डित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा घोषित पाठ्यक्रमानुसार सभी अनिवार्य विषय।
  बी.कॉम. कंप्यूटर एप्लीकेशन

## स्नातकोत्तर

- बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (बी.पी.एड.)
- कला (एम.ए.) :– हिन्दी, अंग्रेजी, राजनीति–शास्त्र, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, इतिहास, भूगोल विज्ञान एवं लोकप्रशासन
- विज्ञान (एम.एस.सी.) :– रसायन–शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, प्राणी शास्त्र, भौतिक शास्त्र एवं गणित।
- गृह विज्ञान (एम.एस.सी.) :– मानव विकास, संसाधन प्रबंध तथा आहार एवं पोषण।
- वाणिज्य (एम.कॉम.) :– सभी अनिवार्य विषय।
- पी.जी.डिप्लोमा इन डायटेटिक्स
- पी.जी.डी.सी.ए.
  (Post Graduate Diploma in Computer Applications)
- पी.जी. डिप्लोमा इन योगा एंड फिलोसॉफी
- पी.जी. डिप्लोमा इन साईकोलॉजीकल गाइडेंस एवं काउंसलिंग
- मास्टर ऑफ सोशियल वर्क (MSW)



# महाविद्यालय में निर्धारित स्थान

### स्नातक बी.ए. भाग–1 (प्रथम सेमेस्टर)

| क्रं. | पाठ्यक्रम का नाम | उपलब्ध स्थान |
|---|---|---|
| 1 | राजनीति शास्त्र | 160 |
| 2 | समाज शास्त्र | 160 |
| 3 | अर्थशास्त्र | 80 |
| 4 | संस्कृत साहित्य | 80 |
| 5 | हिन्दी साहित्य | 80 |
| 6 | अग्रेजी साहित्य | 80 |
| 7 | इतिहास | 80 |
| 8 | गृह विज्ञान | 80 |
| 9 | फैशन डिजाईनिंग | 80 |
| 10 | मनोविज्ञान | 80 |
| 11 | भूगोल | 80 |
| 12 | हिन्दी भाषा | 400 |
| 13 | अग्रेजी भाषा | 400 |
| 14 | गणित | 80 |
| 15 | संगीत–गायन/नृत्य | 20 |

### स्नातक बी.एस.सी भाग–1 (प्रथम सेमेस्टर)

| क्रं. | पाठ्यक्रम का नाम | उपलब्ध स्थान |
|---|---|---|
| 1 | गणित समूह | 115 |
| 2 | जीव विज्ञान समूह | 240 |
| 3 | फूड साइंस एण्ड क्वालिटी कंन्ट्रोल | 30 |
| 4 | बायोटेक्नोलॉजी | 30 |
| 5 | कम्प्यूटर विज्ञान | 50 |
| 6 | जीव विज्ञान समूह/भूगोल | 20 |
| 7 | गणित समूह/भूगोल | 20 |

### स्नातक बी. काम. भाग – 1 (प्रथम सेमेस्टर)

| क्रं. | पाठ्यक्रम का नाम | उपलब्ध स्थान |
|---|---|---|
| 1 | बी.काम. भाग – 1 | 150 |
| 2 | डिप्लोमा इन हास्पिटिलिटि मैनेजमेंट | 50 |
| 3 | बी.काम. भाग – 1 कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 50 |

### स्नातक बी.एस.सी. गृह विज्ञान भाग – 1 (प्रथम सेमेस्टर)

| क्रं. | पाठ्यक्रम का नाम | उपलब्ध स्थान |
|---|---|---|
| 1 | गृह विज्ञान | 80 |
| 2 | फैशन डिजाईनिंग | 60 |





# महाविद्यालय में निर्धारित स्थान

## स्नातकोत्तर एम.ए. (प्रथम सेमेस्टर)

| क्रं. | पाठ्यक्रम का नाम | उपलब्ध स्थान |
|---|---|---|
| 1 | हिन्दी साहित्य | 30 |
| 2 | अंग्रेजी साहित्य | 30 |
| 3 | राजनीति शास्त्र | 30 |
| 4 | अर्थशास्त्र | 30 |
| 5 | समाज शास्त्र | 30 |
| 6 | मनोविज्ञान | 20 |
| 7 | भूगोल | 20 |
| 8 | इतिहास | 30 |
| 9 | लोक प्रशासन | 25 |

## स्नातकोत्तर एम.एस.सी. (प्रथम सेमेस्टर)

| क्रं. | पाठ्यक्रम का नाम | उपलब्ध स्थान |
|---|---|---|
| 1 | रसायन शास्त्र | 35 |
| 2 | प्राणी शास्त्र | 35 |
| 3 | वनस्पति शास्त्र | 35 |
| 4 | गणित | 35 |
| 5 | भौतिक शास्त्र | 25 |
| 6 | भूगोल शास्त्र | 10 |



## स्नातकोत्तर एम.एस.सी. गृह विज्ञान (प्रथम सेमेस्टर)

| क्रं. | पाठ्यक्रम का नाम | उपलब्ध स्थान |
|---|---|---|
| 1 | मानव विकास | 20 |
| 2 | संसाधन प्रबंध | 20 |
| 3 | आहार एवं पोषण | 25 |

## स्नातकोत्तर एम.काम. (प्रथम सेमेस्टर)

| क्रं. | पाठ्यक्रम का नाम | उपलब्ध स्थान |
|---|---|---|
| 1 | एम. कॉम (प्रथम सेमेस्टर) | 60 |

# स्ववित्तीय/रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम

| क्रं. | पाठ्यक्रम का नाम | उपलब्ध स्थान |
|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर साइंस (डाटा केयर मैनेजमेंट) | 60 |
| 2 | (मेडिसिनल प्लांट्स एण्ड केयर केमेस्ट्री) | 50 |
| 3 | बायोइन्फॉर्मेटिक्स | 50 |
| 4 | बी.एस.सी. (कम्प्यूटर विज्ञान) | 50 |
| 5 | बी.एस.सी. (बायोटेक्नोलॉजी) | 30 |
| 6 | फूड साइंस एण्ड क्वालिटी कन्ट्रोल | 30 |
| 7 | फैशन डिजाईनिंग | 60 |
| 8 | पी.जी. डिप्लोमा इन योगा एजुकेशन एवं फिलॉसफी | 40 |
| 9 | पी.जी. डिप्लोमा इन डायटेटिक्स | 20 |
| 10 | बी.पी.एड. | 50 |
| 11 | पी.जी. डिप्लोमा इन साईकोलॉजीकल गाईडेंस एंड काउंसलिंग | 30 |
| 12 | एम.एस. डब्ल्यू | 40 |
| 13 | डिप्लोमा इन हॉस्पीटालिटी मैनेजमेंट | 50 |

# संकायवार उपलब्ध विषय

## कला संकाय (बी.ए.)

1. अनिवार्य विषय :(i) आधार पाठ्यक्रम (हिन्दी. अंग्रेजी) (ii) पर्यावरण अध्ययन।

2. वैकल्पिक विषय :

**निम्न विषय –समूह में किन्हीं तीन समूहों में से एक–एक विषय का चयन करना होगा**

1. समाज शास्त्र / फैशन डिजाइनिंग
2. राजनीति शास्त्र / गृह विज्ञान
3. हिन्दी साहित्य / संस्कृत / गणित
4. अर्थशस्त्र / संगीत / कत्थक नृत्य
5. मनोवैज्ञानिक / भूगोल
6. इतिहास / अंग्रेजी साहित्य

टीप :–

1. उपरोक्त विषय–समूह अधवा विषयों में से छात्राएँ अपने विकल्प के क्रमानुसार कम से कम तीन अन्य विषय दर्शाएँ जिससे उनके प्रवेश हेतु विचार किया जा सके द्य प्रथम भाग के विषय ही द्वितीय व तृतीय भाग में लेने होंगे।
2. संगीत विषय का चयन, स्वर परीक्षण करवाकर किया जा सकता है ।
3. छात्राओं का विभिन्न विषय में प्रवेश, स्थान की उपलब्धता एवं परीक्षा के प्राप्तांकों पर निर्भर होगा । प्राचार्य का निर्णय अंतिम व मान्य होगा। स्थान न होने की दशा में छात्रा को इस संदर्भ में उसकी पसंद के विषय के बजाय ऐसे विषय लेने होंगे जिसमें स्थान उपलब्ध हो।
4. विषय–परिवर्तन के लिए आवेदन प्रवेश लेने के 15 दिनों के अन्दर प्रस्तुत करना आवश्यक है, विषय–परिवर्तन,सम्बन्धित विषय में स्थान–उपलब्धता पर निर्भर करेगा।




## विज्ञान संकाय (बी.एस–सी.)

1.अनिवार्य विषय : (1) आधार पाठ्यक्रम (हिन्दी + अंग्रेजी)

(2) पर्यावरण अध्ययन

2.वैकल्पिक विषय : निम्न विषयों में से कोई एक विषय समूह :

(अ) रसायन शास्त्र, प्राणी शास्त्र एवं वनस्पति शास्त्र। (ब) रसायन शास्त्र, प्राणी शास्त्र, फूड साइंस एवं क्वॉलिटी कन्ट्रोल। (स) रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र एवं गणित। (द) गणित, भौतिक शास्त्र एवं कम्प्यूटर साइंस। (इ) वनस्पति शास्त्र, बॉयोटेक्नोलॉजी एवं रसायन शास्त्र। (ई) प्राणी शास्त्र,बॉयोटेक्नोलॉजी एवं रसायन शास्त्र । (उ). गणित, भौतिक शास्त्र एवं भूगोल। (ऊ) रसायन शास्त्र, वनस्पति शास्त्र एवं भूगोल।

गृह विज्ञान (बी.एस–सी.) बी.एस–सी. (गृह विज्ञान) भाग 1, 2, 3, : फैशन डिजाईनिंग सभी अनिवार्य विषय।

टीप :उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में किसी भी विषय में उत्तीर्ण छात्रा को बी.एस–सी. (गृह विज्ञान) प्रथम वर्ष में प्रवेशकी पात्रता होगी।

**वाणिज्य संकाय :** बी. कॉम. भाग 1, 2, 3, : सभी अनिवार्य विषय।

**सूचना :–**

1. यदि छात्रा एक संकाय छोड़ दूसरे संकाय में प्रवेश चाहे तो उसका गुणानुक्रम प्राप्तांकों से 5 प्रतिशत काटकर निर्धारित किया जायेगा।

2. छात्रा अपनी उपाधि के लिए जो विषय लेना चाहती है उसका चयन सावधानी से करे। विषय परिवर्तन प्राचार्य की अनुमति के बिना नहीं होगा तथा निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

3. स्नातकोत्तर की सभी कक्षाओं में प्रवेश हेतु अलग–अलग आवेदन प्रस्तुत करें।

4. प्रवेश संबंधी किसी भी प्रकार की सूचना घर पर नहीं भेजी जायेगी, प्रवेश–सूचना महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगा दी जायेगी। सूचना पहुँचाने की जिम्मेदारी महाविद्यालय की नहीं होगी। यह सूचना महाविद्यालय के वेब साइट www.dbgirls.org पर भी उपलब्ध रहेगी।

5. प्रवेश–सूची जारी होने के सात दिनों के अन्दर शुल्क जमा कर प्रवेश लेना होगा ।

6. छात्रा की उपस्यिति की गणना महाविद्यालय की नियमित कक्षाओं के प्रांभ होने की तिथि से की जावेगी, छात्रा के प्रवेश लेने की तिथि से नहीं। उपस्थिति में छूट की कोई सुविधा नहीं दी जायेगी। यदि उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होगी तो नियमित छात्रा के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं होगी।

7. जिन छात्राओं की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होगी उन पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।

8. महाविद्यालय में प्रवेश पा लेने से ही छात्रावास में प्रवेश सुनिश्चित नहीं होगा ।

9. दशहरा व दीपावली अवकाश के बीच अनुपस्थिति आर्थिक रूप से दण्डनीय होगी ।

10. प्रत्येक छात्रा को एन.सी.सी. एन.एस.एस. यूथ रेड क्रास सोसायटी अथवा खेलकूद में भाग लेना अनिवार्य है ।

11. प्रवेश–संबंधी प्राचार्य का निर्णय अंतिम व मान्य होगा ।

**अर्हता :** अर्हता संबंधी नियम पण्डित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित निटमों के अनुसार होंगे ।

**सूचनाः**

1. छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल अथवा पण्डित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर को छोड़कर अन्य बोर्ड अथवा पण्डित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर को छोड़कर अन्य बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से आने वाली छात्राओं को प्रव्रजन (Migration) प्रमाण–पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।

2. महाविद्यालय में छात्रा को दिया गया प्रवेश, पण्डित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा मान्य न होने तक अस्थाई रहेगा। अर्हता के संबंध में अंतिम निर्णय विश्वविद्यालय का होगा ।

3. पूर्व परीक्षा में जो छात्राएँ अमहाविद्यालयीन (Private) परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित हुई हों अथवा अन्य वि.वि. की छात्राएँ हों, उन्हें विश्वविद्यालय नामांकन फार्म भरना अनिवार्य होगा ।

**शोध–सुविधा :** हिन्दी, अंग्रेजी, गृह विज्ञान, समाजशास्त्र, प्राणीशास्त्र, भूगोल, इतिहास, वनस्पति शास्त्र एवं वाणिज्य में इस महाविद्यालय में शोध की सुविधा उपलब्ध है। पण्डित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त इन शोध केंद्रों में विश्वविद्यालय के नियमानुसार शोध–सुविधा उपलब्ध होगी ।

# प्रवेश–आवेदन पत्र

1. सभी प्रवेश–आवेदन पत्र तथा फ्रीशिप, निर्धारित फार्म में दिए जाएं । महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नात्कोत्तर के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की पोर्टल से ऑनलाईन आवदेन पत्र भरने के पश्चात विद्यार्थी महाविद्यालय की वेबसाईट में ऑनलाईन प्रवेश शुक्ल का का भुगतान भूगतान करना होगा । यह राशि किसी भी कारण से लौटाई नहीं जाए
2. आवेदन–पत्र स्वयं छात्रा द्वारा ही भरा जाना चाहिए तथा पिता या पालक द्वारा प्रमाणित होना आवश्यक है।
3. महाविद्यालय में प्रथम बार प्रवेश लेने के उपरांत उत्तीर्ण होने पर अगली कक्षा में प्रवेश हेतु नया प्रवेश–आवेदन पत्र नहीं भरना होगा। उसके स्थान पर एक महाविद्यालय के वेबसाईट में ऑन लाईन फीस का भुगतान और आवश्यक जानकारी भरकर देना होगा ताकि उनके अभिभावक का नाम एवं पता महाविद्यालय में उपलब्ध रहे।

विशेष : निम्नलिखित मूल प्रमाण पत्रों का आवेदन पत्र के साथ होना अनिवार्य है ।

1. छात्रा की पिछली संस्था का मूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र (Original T.C.)।
2. स्थानांतरण प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति के आधार पर प्रवेश नहीं दिया जायेगा। प्रमाण पत्र खो जाने की स्थिति में निकटतम पुलिस थाने में एफ.आई.आर. दर्ज किया जाए । पुलिस थाने की रिपोर्ट एवं पूर्व प्रवेशप्राप्त संस्था से अधिकृतरिपोर्ट जिसमें मूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र का अनुक्रमांक एवं दिनांक का उल्लेख हो, प्राप्त होने कही स्थिति में ही टी.सीकी द्वितीय प्रति के आधार पर प्रवेश दिया जा सकता है। इस हेतु विद्यार्थी को वचन पत्र देना होगा।
3. पिछली कक्षा की अंक सूची की सत्य प्रतिलिपि मूल अंक सूची के साथ आवश्यक रूप से जांच हेतु प्रस्तुत करें । मूल अंकसूची छात्रा को तुरन्त वापस कर दी जायेगी ।
4. प्रव्रजन प्रमाण पत्र (माइग्रेशन सर्टिफिकेट) (उन छात्राओं के लिए है जो पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर या छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबंधित किसी भी संस्था की छात्रा न रही हों)।
5. पिछली कक्षा का प्राचार्य द्वारा प्रमाणित चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
6. जो छात्रा स्वाध्यायी (Private) परीक्षार्थी के रूप में पिछली परीक्षा में सम्मिलित हुई हो, उसे किन्हीं दो सम्मानित व्यक्तियों द्वारा प्रमाणित चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
7. माता/पिता/पालक का आय प्रमाण पत्र (मूल प्रमाण पत्र) संलग्न करें।
8. यदि छात्रा किसी वर्ष परीक्षा में नहीं बैठी या अनुत्तीर्ण हुई हो तो ऐसे गत वर्षों की परीक्षा संबंधी जानकारी (कोर्ट एफिडेविट में) प्रवेश–पत्र के साथ संलग्न करना होगा।
9. जिन छात्राओं ने गत परीक्षा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर अथवा छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल /सी.बी.एस ई. /A.I.S.S.C.E./C.B.S.E. नई दिल्ली के अलावा अन्य किसी बोर्ड / विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की हो उन्हें पं.रविशंकर शुक्लविश्वविद्यालय रायपुर से प्रवेश संबंधी पात्रता प्रमाण–पत्र महाविद्यालय–प्रवेश–आवेदन के साथ अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।
10. (अ) सिविल सर्जन अथवा सहायक सर्जन द्वारा दिया गया आरोग्य प्रमाण पत्र उन छात्राओं के लिए आवश्यक है, जो छात्रावास में प्रवेश चाहती हैं ।

    (ब) प्रवेश के बाद छात्रावास में पुलः आरोग्यता जाँच में अनफिट होने पर प्रवेश निरस्त कर दिया जावेगा।
11. अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति की छात्राओं को विभिन्न सुविधाओं हेतु छात्रवृत्तियों के लिए भी निम्नानुसार प्रमाण पत्रलगाने होंगे. (1) जाति प्रमाण–पत्र (2) आय प्रमाण–पत्र (3) निवास प्रमाण–पत्र । ये प्रमाण पत्र तहसीलदार अधवा राजस्व अधिकारी द्वारा प्राप्त किये जायें।

12. नौकरी करने वाली छात्राओं के लिए निवोक्ता का स्वीकृति पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

13. विदेशी छात्राओं तथा ऐसी छात्राओं को जो टूरिस्ट वीजा लेकर भारत आई हो, अपने प्रवेश–आवेदन पत्र के साथ अपर सचिव,केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय भारत शासन के पत्र में निर्देशित आवश्यक पत्र भारत शासन अथवा विदेश में भारतीय दूतावासों के माध्यमसे प्रस्तुत करने होंगे । साथ ही सिविल सर्जन द्वारा दिया गया आरोग्य प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा।

14. शासकीय निर्देशानुसार यदि किसी छात्रा ने किसी कक्षा में प्रवेश लिया हो और किन्हीं कारणों से परीक्षा में शामिल नहीं हो पाई हो,अनुत्तीर्ण हो गई हो अथवा अध्ययन बीच में बन्द कर दिया हो तो ऐसी छात्राओं को उसी कक्षा में पुनः प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।

15. शासकीय नियमों के विरुद्ध प्रवेश हेतु अवांछित दबाव डालने की स्थिति में उच्चाधिकारियों को सूचित किया जावेगा तथा प्रवेश नहीं दिया जायेगा।






## सूचना :

1. प्रत्येक प्रमाण पत्र के साथ राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित एक सत्य प्रतिलिपि होना आवश्यक है।

2. प्रवेश–आवेदन पत्र जमा करने के बाद मूल अंक–सूची कार्यालय से तुरंत लेने की जिम्मेदारी छात्रा की ही होगी।

3. आवेदन पत्र के साथ उपरोक्त कंडिकाओं में उल्लेखित प्रमाण पत्र संलग्न न होने पर छात्रा तत्संबंधी सुविधा से वंचित रहेगी।

**प्राचार्य को पूर्ण अधिकार है कि वे किसी छात्रा का नाम महाविद्यालय की सूची से काट दें यदि :–**

1. छात्रा महाविद्यालय का प्रवेश–शुल्क निर्धारित तिथि के अन्दर जमा नहीं करती है ।

2. यदि छात्रा महाविद्यालय की आन्तरिकमूल्यांकन परीक्षा में लगातार अनुपस्थित रहती है।

3. छात्रा का व्यवहार प्राचार्य की दृष्टि में असंतोषजनक हो ।

4. छात्रा किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता करती है।

5. छात्रा रेगिंग करती है।

6. अन्य किसी भी विशेष कारणों से जनहित में।

7. शासकीय आदेशानुसार यदि कोई छात्रा लगातार 1 माह से अधिक बिना सूचना के महाविद्यालय में अनुपस्थित रहती है तो उसका नाम बिना सूचना के महाविद्यालय से काट दिया जायेगा।

# स्ववित्तीय रोजगारोन्मुखी एवं एड ऑन पाठ्यक्रम

**परिशिष्ट 1 स्ववित्तीय पाठ्यक्रम– पी.जी.डिप्लोमा इन डायटेटिक्स**

1. बी.एस–सी. (गृह विज्ञान) अथवा बी.एस–सी. (जीव विज्ञान समूह) की स्नातक छात्राओं, जिन्होंने सैद्धांतिक प्रश्न–पत्र में कम से कम 50 प्रतिशत अंक अर्जित किये हों, उन्हें ही इस डिप्लोमा में प्रवेश की पात्रता है।
2. उपर्युक्त पाठ्यक्रम हेतु कुल स्थान 15 है।
3. उपर्युक्त पाठ्यक्रम की वार्षिक लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा होगी।
4. इस पाठ्यक्रम के साथ इंटर्नशिप ट्रेनिंग अनिवार्य है।
5. समान अंक होने की दशा में गृह विज्ञान की छात्रा को प्रवेश के लिए प्राथमिकता दी जावेगी।
6. अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग की छात्राओं के लिए शासकीय नियमानुसार स्थान आरक्षित रहगें।

**परिशिष्ट 2 रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम – (फूड साइंस एण्ड क्वालिटी कन्ट्रोल)**

1. बी.एस–सी. भाग 1 में वनस्पति शास्त्र के स्थान पर फूड साइंस एण्ड क्वालिटी कन्ट्रोल वैकल्पिक विषय के रुप में लिया जा सकता है।
2. यह विषय यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम ;टवबंजपवदंस ब्वनतेमद्ध है।
3. इसमें सैद्धांतिक पाठ्यक्रम के अतिरिक्त ऑन–जॉब–ट्रेनिंग का भी प्रावधान है।
4. इस पाठ्यक्रम में 30 छात्राओं को मेरिट गुणनुक्रम के आधार पर प्रवेश का प्रावधान है।

**परिशिष्ट 3 स्ववित्तीय पाठ्यक्रम– बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (बी.पी.एड.)**

1. किसी भी स्नातक उत्तीर्ण छात्रा को इस पाठ्यक्रम में प्रवेश की पात्रता है।
2. उपर्युक्त पाठ्यक्रम हेतु कुल 50 सीट है।
3. उपर्युक्त पाठ्यक्रम की वार्षिक लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा होगी।
4. शासकीय नियमानुसार स्थान आरक्षित होगा।
5. पाठ्यक्रम की अवधि दो वर्ष है।



**IGNOU** द्वारा संचालित पाठ्यक्रम

1.M.Sc, DFSM
2.DNHE
3.CFN
4.CNCC
5.DAFE
6.CAFÉ
7.MAPC

**परिशिष्ट 4 : व्यावसायिक पाठ्यक्रम – फैशन डिजाइनिंग**

1. इस पाठ्यक्रम में गृह विज्ञान / कला समूह की छात्राएँ प्रवेश ले सकती है।
2. बी.एस.सी. (गृह विज्ञान) भाग एक में ग्रुप बी के पेपर के स्थान पर फैशन डिजाइनिंग को वैकल्पिक विशय के रूप में षामिल किया गया है।
3. बी.ए. (कला समूह) भाग एक में छात्राएँ फैशन डिजाइनिंग को वैकल्पिक विशय के रूप में ले सकती है। इसमें सैद्धांतिक पाठ्यक्रम के अतिरिक्त ऑन–जॉब–ट्रेनिंग का भी प्रावधान है।
4. अर्हता : किसी भी विशय के मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 की परीक्षा उत्तीर्ण ।

कुल सीट : 60

प्रवेश : मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर

आरक्षण : शासकीय नियमानुसार

**परिशिष्ट 5 : स्ववित्तीय पाठ्यक्रम– बी.एस.सी. (कम्प्यूटर विज्ञान),**

1. बी.एस.सी. (कम्प्यूटर विज्ञान) में छात्राएँ भौतिकी शास्त्र, गणित, कम्प्यूटर विज्ञान को वैकल्पिक विशय के रूप में ले सकती है।
2. अर्हता : गणित समूह के साथ मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 की परीक्षा उत्तीर्ण ।

कुल सीट : 50

प्रवेश : मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर

आरक्षण : शासकीय नियमानुसार

**परिशिष्ट 6 : स्ववित्तीय पाठ्यक्रम– पीजीडीसीए.**

सीट– 60

अर्हता : किसी भी संकाय में स्नातक उत्तीर्ण

प्रवेश : मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर

आरक्षण : शासकीय नियमानुसार

**परिशिष्ट 7 : बी.काम. कम्प्यूटर एप्लीकेशन (सी.ए.)**

1. अर्हता : कामर्स समूह के साथ मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 की परीक्षा उत्तीर्ण।
2. कुल सीट : 50

प्रवेशः मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर

आरक्षण : शासकीय नियमानुसार

**परिशिष्ट 8 : एम.काम.**

1. अर्हता : कामर्स समूह के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण।
2. कुल सीट : 60

प्रवेशः मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर

आरक्षण : शासकीय नियमानुसार

**परिशिष्ट 9 : एम.एस.डब्ल्यू (मास्टर ऑफ सोशल वर्क)**

1. अर्हता : किसी भी संकाय स्नातक उत्तीर्ण
2. कुल सीट : 40
3. प्रवेश : मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर

आरक्षण : शासकीय नियमानुसार

**परिशिष्ट 10 : पी.जी.डिप्लोमा मेथेडोलॉजी एवं स्टेटेस्टिकल एनालिसिस**

1. अर्हता : किसी भी संकाय स्नातक उत्तीर्ण
2. कुल सीट : 30
3. प्रवेशः मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर

आरक्षण : शासकीय नियमानुसार

**परिशिष्ट 11 : पी.जी.डिप्लोमा इन फैशन डिजाइनिंग**

1. अर्हता : किसी भी संकाय स्नातक उत्तीर्ण
2. कुल सीट : 40
3. प्रवेशः मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर

आरक्षण : शासकीय नियमानुसार

**परिशिष्ट 12 : सर्टिफिकेट कोर्स इन बेकरी एंड कन्फेक्शनरी**

1. अर्हता : किसी भी संकाय स्नातक उत्तीर्ण
2. कुल सीट : 25
3. प्रवेशः मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर

आरक्षण : शासकीय नियमानुसार

## परिशिष्ट13

### Career Oriented (Add-on) Courses

(यू.जी.सी. द्वारा अनुदान प्राप्त सर्टिफिकेट / डिप्लोमा / एडवांस डिप्लोमा पाठ्यक्रम) महाविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकृत निम्नलिखित "Career Oriented" पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं –

**1.कम्प्यूटर साइंस (डाटा केयर मैनेजमेंट)**

सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम – 1 वर्षीय

कम्प्यूटर साइंस (डाटा केयर मैनेजमेंट) –

योग्यता महाविद्यालय में नियमित प्रवेश।

**डिप्लोमा पाठ्यक्रम – 2 वर्षीय**

योग्यता : महाविद्यालय की नियमित छात्राऍं जिन्होंने उपर्युक्त सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया हो।

**एडवांस डिप्लोमा पाठ्यक्रम – 3 वर्षीय**

योग्यता महाविद्यालय की नियमित छात्राऍं जिन्होंने उपर्युक्त डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया हो। इस प्रकार महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राऍं स्नातक/स्नाकोततर डिग्री के साथ महाविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता प्राप्त सर्टिफिकेट/डिप्लोमा/एडवांस डिप्लोमा प्राप्त कर सकेंगी।

**नोट :–**

(यू.जी.सी. द्वारा अनुदान प्राप्त सर्टिफिकेट/डिप्लोमा/एडवांस डिप्लोमा पाठ्यक्रम) महाविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकृत निम्नलिखित "Career Oriented" पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं –

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| B.Sc. | -03 | MSc.(Chem) | -01 | MSc.(HSc.) | -01 |
| B.Com | -03 | MSc.(Bot) | -01 | M.Com | -01 |
| BA | -03 | MSc.(Phy) | -01 | MA | -01 |
| B.Sc.(HSc) | -02 | MSc.(Zoo) | -01 | Diploma in Hospitality | |
| B.Se.(BioTech) | -01 | MSc.(Maths) | -01 | | |

माननीय प्रधानमंत्री के विशिष्टि स्कॉलरशिप PMSS के अंतर्गत उपरोक्त प्रावधान किया गया है।

SWAYAM मेंटरिंग स्कीम महाविद्यालय में उपलब्ध है। जिसके अंतर्गत 320 सर्टिफिकेट (MOOC Course) उपलब्ध है।

– प्रभारी – डॉ के.के. हेरिस



# शुल्क संबंधी नियम

1. छात्रा स्वयं काउन्टर पर ही नकद फीस जमा करें ।
2. प्रत्येक फीस तथा जमा की गयी राशि के लिए छात्रा उसी समय रसीद प्राप्त करें। यदि रसीद मिलने में कोई कठिनाई हो तो तुरन्त प्राचार्य को सूचित करें । रसीद नहीं लेने तथा उसी समय प्राप्त न करने की जिम्मेदारी स्वयं छात्रा की ।
3. शुल्क की राशि शासन के निर्देशानुसार परिवर्तनीय है। परिवर्तन संबंधी सभी आदेश अनिवार्य रूप से मानने होंगे।
4. छात्रा सहायता निधि से सहायता हेतु छात्राएँ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र प्रस्तुत करें। निर्धारित प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त करें । एक छात्रा को एक ही प्रकार की छात्रवृत्ति या सहायता राशि मिलेगी ।
5. नामांकन शुल्क उन छात्राओं के लिए देय है, जो बोर्ड अथवा अन्य विश्वविद्यालय से स्थानांतरित होकर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर (छत्तीसगढ़) में नामांकित होना चाहती हैं ।
6. समस्त शुल्क आवश्यक रूप से छात्रा द्वारा ही भरा जाना चाहिए ।

| **अशासकीय शुल्कः सम्मिलित निधि** | B.A./B.Sc. B.Com./B.Sc. (H.Sc.)/DHM/ **प्रथम समेस्टर नवीन प्रवेश** | B.A./B.Sc. B.Com./B.Sc. (H.Sc.) **भाग-दो नविनीकरण** | B.A./B.Sc. B.Com./B.Sc. (H.Sc.) **भाग-तीन नविनीकरण** | M.A./M.Sc. M.Com./ M.Sc.(H.Sc.) **प्रथम सेमेस्टर** | M.A./M.Sc. M.Com./ M.Sc.(H.Sc.) **तृतीय सेमेस्टर** | **B.P.Ed. /P.G.D.C.A/ P.G. /Diploma in Dietetic and YOGA & Diploma Course** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **छात्रसंघ** | 5/- | 5/- | 5/- | 5/- | 5/- | 5/- |
| **स्नेह सम्मेलन** | 20/- | 20/- | 20/- | 20/- | 20/- | 20/- |
| **महाविद्यालय विकास निधी** | 25/- | 25/- | 25/- | 25/- | 25/- | 25/- |
| **सम्मिलित निधी** | 32/- | 32/- | 32/- | 32/- | 32/- | 32/- |
| **शारीरिक कल्याण शुल्क** | 150/- | 150/- | 150/- | 150/- | 150/- | 150/- |
| **विभागीय ग्रंथालय शुल्क** | 15/- | 15/- | 15/- | 20/- | 20/- | 20/- |
| **सायकल स्टेण्ड** | 100/- | 100/- | 100/- | 100/- | 100/- | 100/- |
| **एलुमिनी शुल्क** | | | 100/- | | | |
| **योग** | **347/-** | **347/-** | **447/-** | **352/-** | **352/-** | **352/-** |
| **नामांकन** | 150/- | - | | 150/-* | - | 150/-* |
| Uniprocessing Fee | 50/- | - | | 50/- | - | 50/- |
| **ऑनलाईन ट्रांसफर शुल्क** | 20/- | 20/- | | 20/- | 20/- | 20/- |
| **अप्रवासन शुल्क** | 360/-* | - | | 360/-* | - | 360/-* |

टीप : (*)आवश्यकतानुसार देय शुल्क

# अशासकीय (पी.डी.) शुल्क

| अशासकीय शुल्कः सम्मिलित निधि | B.A./B.Sc. B.Com./B. Sc. (H.Sc.)/ DHM/ प्रथम समेस्टर नवीन प्रवेश | B.A./B.Sc. B.Com./B. Sc. (H.Sc.) भाग–दो नविनीकरण | B.A./B.Sc. B.Com./B. Sc. (H.Sc.) भाग–तीन नविनीकरण | M.A./M. Sc. M.Com. / M.Sc. (H.Sc.) | M.A./M.Sc . M.Com./ M.Sc. (H.Sc.) तृतीय सेमेस्टर | B.P.Ed. /P.G.D.C.A/ P.G./ Diploma in Dietestic and YOGA & Diploma Course |
|---|---|---|---|---|---|---|
| निर्धन छात्र कल्याण निधि | 5/- | 5/- | 5/- | 5/- | 5/- | 5/- |
| चिकित्सा शुल्क | 3/- | 3/- | 3/- | 3/- | 3/- | 3/- |
| परिचय पत्र | 40/- | 40/- | 40/- | 40/- | 40/- | 40/- |
| यूथ रेडक्रॉस सोसायटी शुल्क | 25/- | 25/- | 25/- | 25/- | 25/- | 25/- |
| सुरक्षा निधि | 60/- | - | - | 100/- | - | 100/- |
| छात्रा कॉमनरूम शुल्क / (रीडिंग रूम) | 50/- | 50/- | 50/- | 50/- | 50/- | 50/- |
| प्रवेश नविनीकरण | | 10/- | 10/- | | 10/- | |
| मार्गदर्शन प्रकोश्ठ शुल्क | 50/- | 50/- | 50/- | 50/- | 50/- | 50/- |
| प्रवेश कार्ड | 10/- | 15/- | 15/- | 10/- | 15/- | 10/- |
| स्वशासी शुल्क | 300/- | 300/- | 300/- | 300/- | 300/- | 300/- |
| उद्यान / स्वच्छता / स्टेशनरी शुल्क | 150/- | 150/- | 150/- | 150/- | 150/- | 150/- |
| प्रयोगशाला शुल्क (केवल प्रायोगिक विशय हेतु) | 100/- | 100/- | 100/- | 100/- | 100/- | 100/- |
| **योग प्रयोगशाला शुल्क सहित** | **793/-** | **748/-** | **748/-** | **833/-** | **748/-** | **833/-** |
| **योग प्रयोगशाला शुल्क रहित** | **693/-** | **648/-** | **648/-** | **733/-** | **648/-** | **733/-** |
| **शासकीय शुल्क** | | | | | | |
| प्रवेश शुल्क | 3/- | 3/- | 3/- | 3/- | 3/- | 3/- |
| स्टेशनरी शुल्क | 2/- | 2/- | 2/- | 2/- | 2/- | 2/- |
| **योग** | **5/-** | **5/-** | **5/-** | **5/-** | **5/-** | **5/-** |
| जनभागीदारी शुल्क सहित | 300/- | 300/- | 300/- | 300/- | 300/- | 300/- |
| टीप :– | izos'k gsrq dqy ns; 'kqYd | | | | | |
| **प्रयोगशाला शुल्क सहित** (Online) | **1665/-** | **1420/-** | **1520/-** | **1860/-** | **1725/-** | **1860/-** |
| **प्रयोगशाला शुल्क रहित** (Online) | **1565/-** | **1320/-** | **1420/-** | **1760/-** | **1625/-** | **1760/-** |

# स्ववित्तीय पाठ्यक्रम हेतु देय अतिरिक्त शुल्क

| पाठ्यक्रम | सामान्य | अन्य राज्य से |
|---|---|---|
| फूड साइंस एण्ड क्वालिटी कन्ट्रोल शुल्क 1st , 2nd & 3rd Year | 3000-00 | - |
| एड आन पाठ्यक्रम (सर्टिफिकेट / डिप्लोमा / एडवांस डिप. पाठ्यक्रम) | 2000-00 | - |
| फैशन डिजाइनिंग (बी.एस–सी.(गृह विज्ञान) / बी.ए. भाग 1,2 व 3) | 4500-00 | - |
| बी.एस–सी. (कम्प्यूटर विज्ञान के साथ) एव ंबी.काम. कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 10000-00 | - |
| पी.जी. लेवल कोर्सेस | | |
| एम.कॉम. | 7500-00 | - |
| पी.जी. डिप्लोमा इन डायटेटिक्स | 8000-00 | 9000-00 |
| बी.पी.एड. | 12000-00 | 14000-00 |
| पी.जी.डी.सी.ए. | 12000-00 | - |
| पी.जी. डिप्लोमा इन योगा एजुकेशन एण्ड फिलॉसफी | 13000-00 | - |
| पी.जी. डिप्लोमा इन साईकोलॉजी गाइडेन्स एवं काउंसिलिंग | 12000-00 | - |
| एम.एस. डब्ल्यू | 10000-00 | |

| | |
|---|---|
| अप्रवासन शुल्क | 360-00 |
| शोध छात्राऍं (जनभागीदारी) | 650-00 |
| नामांकन फॉर्म | 50-00 |
| नामांकन शुल्क | 150-00 |